وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

साप्ताहिक क़ादियान

# बदर

Weekly
BADAR Qadian
HINDI

संपादक
शेख मुजाहिदअहमद

उप संपादक
सय्यद मुहियुद्दीन फ़रीद

वर्ष- 11
अंक -8-09

Postal Reg. No.GDP -45/2026-2028

01-08 रमज़ान 1447 हिज्री कमरी, 26-19 तबलीग़ग़ 1405 हिज्री शम्सी, 19-26 फ़रवरी 2026 ई.


## अल्लाह तआला का आदेश

شَہۡرُ رَمَضَانَ الَّذِیۡۤ اُنۡزِلَ فِیۡہِ الۡقُرۡاٰنُ ہُدًی لِّلنَّاسِ وَبَیِّنٰتٍ مِّنَ الۡہُدٰی وَالۡفُرۡقَانِ ۚ فَمَنۡ شَہِدَ مِنۡکُمُ الشَّہۡرَ فَلۡیَصُمۡہُ ؕ وَمَنۡ کَانَ مَرِیۡضًا اَوۡ عَلٰی سَفَرٍ فَعِدَّۃٌ مِّنۡ اَیَّامٍ اُخَرَ ؕ یُرِیۡدُ اللّٰہُ بِکُمُ الۡیُسۡرَ وَلَا یُرِیۡدُ بِکُمُ الۡعُسۡرَ ۫ وَلِتُکۡمِلُوا الۡعِدَّۃَ وَلِتُکَبِّرُوا اللّٰہَ عَلٰی مَا ہَدٰىکُمۡ وَلَعَلَّکُمۡ تَشۡکُرُوۡنَ ﴿۱۸۶﴾ (سورۃ البقرہ:186)

रमज़ान का महीना, जिसमें क़ुरआन-ए-करीम मनुष्यों के लिए एक महान मार्गदर्शन के रूप में उतारा गया, और ऐसे स्पष्ट चिन्हों के रूप में जो मार्गदर्शन की विस्तारपूर्वक व्याख्या करते हैं और सत्य व असत्य में अंतर कर देने वाली बातें बताते हैं। अतः तुम में से जो कोई इस महीने को पाए, वह इसके रोज़े रखे। और जो बीमार हो या यात्रा पर हो, तो गिनती को अन्य दिनों में पूरा करे। अल्लाह तुम्हारे लिए आसानी चाहता है और तुम्हारे लिए कठिनाई नहीं चाहता, और चाहता है कि तुम (सुविधा से) गिनती को पूरा करो और उस मार्गदर्शन के कारण अल्लाह की महानता बयान करो जो उसने तुम्हें प्रदान की, और ताकि तुम कृतज्ञ बनो।

## ईसा अलैहिस्सलाम मरियम के पुत्र पृथ्वी पर अवतरित होंगे, वे विवाह करेंगे और उनकी सन्तान होगी

حَدَّثَنَا یَحۡیَی بۡنُ أَیُّوبَ وَقُتَیۡبَۃُ وَابۡنُ حُجۡرٍ قَالُوا حَدَّثَنَا إِسۡمَاعِیلُ وَهُوَ ابۡنُ جَعۡفَرٍ عَنۡ أَبِی سُهَیۡلٍ عَنۡ أَبِیهِ عَنۡ أَبِی هُرَیۡرَةَ رَضِیَ اللّٰہُ عَنۡهُ أَنَّ رَسُولَ اللّٰہِ صلی اللّٰہ علیہ وسلم قَالَ إِذَا جَاءَ رَمَضَانُ فُتِّحَتۡ أَبۡوَابُ الۡجَنَّةِ وَغُلِّقَتۡ أَبۡوَابُ النَّارِ وَصُفِّدَتِ الشَّیَاطِینُ.

(सहीह मुस्लिम, किताबुस्सियाम, बाब नंबर 1, हदीस नंबर 1779)

अबू हुरैरा रज़ियल्लाहु अन्हो से रिवायत है कि रसूलुल्ला सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फरमाया: जब रमज़ान आता है तो जन्नत के दरवाज़े खूब खोल दिए जाते हैं, और आग (जहन्नम) के दरवाज़े अच्छी तरह बंद कर दिए जाते हैं, और शैतान जकड़ दिए जाते हैं।

## जब गैर-मोहरम पुरुष और स्त्री एकत्र होते हैं, तो उनमें तीसरा शैतान होता है।

## हज़रत अकदस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम का उपदेश

तक़वा और खुदा-तरसी ज्ञान से पैदा होती है

हज़रत अक़्दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं:

"तक़वा और खुदा-तरसी ज्ञान से पैदा होती है। जैसा कि खुद अल्लाह तआला फ़रमाता है

اِنَّمَا یَخۡشَی اللّٰہَ مِنۡ عِبَادِہِ الۡعُلَمٰٓؤُا (फ़ातिर: 29)

अर्थात अल्लाह तआला से वही लोग डरते हैं जो ज्ञान वाले हैं।

इससे साफ़ पता चलता है कि सच्चा ज्ञान अल्लाह का डर पैदा कर देता है। और खुदा तआला ने ज्ञान को तक़्वा से जोड़ा है कि जो व्यक्ति पूरी तरह से ज्ञान वाला होगा, उसके अंदर ज़रूर अल्लाह का डर पैदा होगा।"

आपने आगे फ़रमाया:

"मेरी समझ में ज्ञान से मुराद इल्मुल क़ुरआन है। इससे दर्शन, विज्ञान या दूसरे प्रचलित ज्ञान मुराद नहीं हैं, क्योंकि उन्हें हासिल करने के लिए तक़वा और नेकी की शर्त नहीं होती। बल्कि जैसे एक बदकार व्यक्ति उन्हें सीख सकता है, वैसे ही एक धर्मनिष्ठ व्यक्ति भी। लेकिन इल्मुल क़ुरआन सिवाय तक़्वा रखने वाले और धर्मनिष्ठ के किसी और को दिया ही नहीं जाता। इसलिए यहाँ ज्ञान से मुराद इल्मुल क़ुरआन ही है, जिससे तक़वा और अल्लाह का डर पैदा होता है।"

(मलफ़ूज़ात, जिल्द 4, पृष्ठ 599, संस्करण 2003, प्रकाशित रब्वा)

फिर हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं:

"'उलमा' शब्द से धोखा नहीं खाना चाहिए। आलिम वही होता है जो अल्लाह तआला से डरता है।

اِنَّمَا یَخۡشَی اللّٰہَ مِنۡ عِبَادِہِ الۡعُلَمٰٓؤُا (फ़ातिर: 29)

अर्थात निश्चय ही अल्लाह तआला से डरने वाले लोग ही उसके बंदों में आलिम हैं। उनमें बंदगी और अल्लाह का डर इस हद तक पैदा हो जाता है कि वे खुद अल्लाह तआला से एक विशेष ज्ञान और पहचान सीखते हैं और उसी से लाभ पाते हैं। यह दर्जा और मक़ाम आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की पूरी पैरवी और आप से सच्ची मुहब्बत के कारण मिलता है, यहाँ तक कि इंसान पूरी तरह आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के रंग में रंगा जाता है।"

(मलफ़ूज़ात, जिल्द 4, पृष्ठ 434–433, संस्करण 2003, प्रकाशित रब्वा)

★ ★ ★

## तफ़सीर-ए-कबीर से अंश

### ख़शियत शब्द में उस चीज़ की पहचान का अर्थ भी शामिल है, जिससे डर किया गया हो

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु सूरह अर-रअद की आयत नंबर 22

وَالَّذِیۡنَ یَصِلُوۡنَ مَاۤ اَمَرَ اللّٰہُ بِہٖۤ اَنۡ یُّوۡصَلَ وَیَخۡشَوۡنَ رَبَّہُمۡ وَیَخَافُوۡنَ سُوۡٓءَ الۡحِسَابِ

की तफ़सीर में बयान फ़रमाते हैं:

ख़शियत शब्द में उस चीज़ की पहचान का अर्थ भी होता है, जिससे डर किया गया हो। यानी ख़शियत शब्द उसी समय बोला जाता है, जब उस चीज़ की सही पहचान हासिल हो, जिससे डर किया जा रहा हो। इसके अलावा यह डर किसी नुकसान या हानि का नहीं होता, बल्कि इस कारण होता है कि इंसान यह यक़ीन करे कि वह चीज़ बहुत ऊँचे दर्जे और महानता वाली है। ऐसा न हो कि मेरी किसी लापरवाही की वजह से मैं उसके क़रीब होने का दर्जा खो बैठूँ।

इस प्रकार खुदा तआला की ख़शियत का मतलब यह हुआ कि जब इंसान खुदा तआला से संबंध के दर्जे को पा लेता है, तो क्योंकि उस पर यह बात खुल जाती है कि यही दर्जा इंसान की सच्ची राहत और पूर्णता का दर्जा है, इसलिए वह उसके छिन जाने के ख़याल को भी सहन नहीं कर सकता। वह हर समय उसकी हिफ़ाज़त की कोशिश में लगा रहता है और पूरी तरह इसका

शेष 2 पर

## अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्रिहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दो लिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण आप पर अपना फ़ज़ल नाज़िल करता रहे। आमीन

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

## 74वें वर्ष में देश विभाजन के बाद अख़बार बदर (संपादकीय)

साप्ताहिक बदर, क़ादियान का प्रकाशन यद्यपि हज़रत अक़्दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के मुबारक ज़माने में सन 1902 ई. में हुआ था और इसके पहले संपादक हज़रत मुहम्मद अफ़ज़ल साहब रज़ियल्लाहु अन्हु थे, जो इस अख़बार के मालिक भी थे। प्रारम्भ में इसका नाम हज़रत अक़्दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने "अल-बदर" सुझाया था। मुकर्रम मुहम्मद अफ़ज़ल साहब का देहांत सन 1905 ई. में हुआ, जिसके बाद हज़रत अक़्दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने हज़रत मुफ़्ती मुहम्मद सादिक़ साहब को अख़बार अल-बदर का संपादक नियुक्त किया। हज़रत मुफ़्ती साहब रज़ियल्लाहु अन्हु के ही कार्यकाल में अख़बार का नाम अल-बदर से बदलकर बदर रखा गया।

हज़रत अक़्दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने अपने मुबारक समय में क़ादियान से प्रकाशित होने वाले दोनों अख़बारों "अल-हकम" और "बदर" के बारे में फ़रमाया कि ये आप के दोनों बाज़ू हैं और तुरंत आप के इल्हामात और इरशादात को देश के कोने-कोने में प्रकाशित कर देते हैं।

अख़बार बदर सन 1913 ई. तक प्रकाशित होता रहा, फिर बंद हो गया। देश विभाजन के बाद हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह सानी रज़ियल्लाहु अन्हु की हिदायत और दुआओं तथा दरवेशान-ए-क़ादियान की कोशिशों से फिर क़ादियान से साप्ताहिक बदर का प्रकाशन आरम्भ हुआ। इसका पहला अंक 7 मार्च 1952 ई. को प्रकाशित हुआ। देश विभाजन के बाद इसके पहले संपादक के रूप में हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के सहाबी, मुकर्रम बरकात अहमद साहब राजेकी, पुत्र हज़रत ग़ुलाम रसूल साहब राजेकी रज़ियल्लाहु अन्हु, नियुक्त किए गए।

इस अख़बार की पहली ही प्रकाशित प्रति (7 मार्च) के अवसर पर हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह सानी रज़ियल्लाहु अन्हु ने एक ऐतिहासिक संदेश भी भेजा, जिसमें आपने फ़रमाया:

"सबसे पहले तो मैं ख़ुदा तआला से दुआ करता हूँ कि वह इस अख़बार को और से और बेहतर काम करने की तौफ़ीक़ दे और इस अख़बार को चलाने वालों को बाहरी और भीतरी ज्ञान प्रदान करे, जिससे वे क़ौम और देश की सही राहनुमाई कर सकें, और जमाअत अहमदिया को इस बात की तौफ़ीक़ दे कि वे अधिक से अधिक इस अख़बार को ख़रीदें और इसकी प्रसार संख्या को बढ़ाते चले जाएँ तथा देश के हर कोने में इसे फैलाएँ, यहाँ तक कि यह अख़बार दैनिक बन जाए और व्यापक रूप से प्रकाशित हो।

इस अख़बार का नाम बदर रखा गया है और यह नाम हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम को प्रिय था। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के रोया और कश्फ़ प्रकाशित करने में एक समय इस अख़बार को विशेष महत्व प्राप्त हो गया था, क्योंकि इसके संपादक मुफ़्ती मुहम्मद सादिक़ साहब ही थे और वही हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के निजी सचिव का कार्य भी करते थे। इस कारण उन्हें इल्हामात दूसरों की अपेक्षा जल्दी प्राप्त हो जाते थे। लेकिन मुझे आशा है कि अब इन इल्हामात की व्याख्या, तफ़सीर, उनका उद्देश्य और आशय बताने तथा प्रकाशित करने में यह अख़बार आगे रहेगा।"

आदरणीय पाठको! आज भी अख़बार बदर का यही उद्देश्य है। अब बदर के प्रकाशन का पहला लक्ष्य यही है कि हज़रत अमीरुल मोमिनीन अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ के सभी इरशादात जो वास्तव में क़ुरआन-ए-करीम और हदीस तथा सैयदना हज़रत अक़्दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के इल्हामात, इरशादात और लिखित रचनाओं की व्याख्याएँ हैं उन्हें बदर के पाठकों तक पहुँचाया जाए। इसी कारण बदर का संस्थान प्रयास करता है कि इस अख़बार के माध्यम से हुज़ूर अनवर का ख़ुत्बा-ए-जुमआ, हुज़ूर अक़्दस के अन्य ख़िताबात, आपके दौरों की रिपोर्टें तथा मजालिस-ए-इरफ़ान, जमाअत अहमदिया हिंदुस्तान की सेवा में प्रस्तुत की जाएँ। इसी प्रकार हुज़ूर अक़्दस के निर्देशानुसार अब हर सप्ताह समसामयिक परिस्थितियों पर आधारित संपादकीय और अन्य लेख भी प्रकाशित किए जाते हैं।

मुबल्लिग़ीन/मुअल्लिमीन और जमाअत के सदस्य यदि अपने मूल्यवान लेख और जमाअती प्रयासों पर आधारित अपनी रिपोर्टें उमरा-ए-ज़िला के माध्यम से तथा अपने स्थानीय दफ़्तर के द्वारा भेजें, तो इंशा अल्लाह उनकी कोशिशों की रिपोर्टें न केवल उर्दू अख़बार बदर में, बल्कि बदर के अन्य भाषाओं के संस्करणों में भी प्रकाशित की जाएँगी, ताकि जमाअत के सदस्य अपने इस अख़बार से व्यक्तिगत जुड़ाव महसूस करें और इससे अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने का प्रयास करें।

अख़बार की वास्तविक शोभा तो क़ुरआन-ए-करीम, हदीस और हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के मल्फ़ूज़ात की रोशनी में प्रकाशित हज़रत अमीरुल मोमिनीन अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ के फ़रमान और इरशादात से ही है। और इसकी सुंदरता में और निखार तब आएगा, जब हम इन इरशादात को न केवल स्वयं अपने जीवन का हिस्सा बनाएँगे, बल्कि यह भी प्रयास करेंगे कि हमारी आने वाली पीढ़ियाँ भी इससे लाभान्वित हों।

अख़बार बदर ख़िलाफ़त-ए-हक़्क़ा इस्लामिया से हमारे संबंध को मज़बूत करने का ज़रिया है और यही संबंध हमारी शारीरिक और आत्मिक उन्नति का माध्यम है। सैयदना हज़रत अक़्दस अमीरुल मोमिनीन अय्यदहुल्लाहु तआला ने पिछले वर्ष दिसंबर माह में अख़बार बदर के विशेष अंक "क़ौमी एकता नंबर" के लिए जो दूरदर्शी संदेश भेजा था, उसमें जमाअत अहमदिया हिंदुस्तान के सदस्यों को नसीहत करते हुए फ़रमाया था:

"ख़ुदा तआला के फ़ज़ल से आज एकता केवल और केवल हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की जमाअत की विशेषता है। शेष सब विभाजन का शिकार हैं और रहेंगे, जब तक वे ख़ुदा तआला की इस नेमत की क़द्र नहीं करेंगे। इसलिए हम ख़ुशक़िस्मत हैं कि ख़िलाफ़त की बरकत से तरक़्क़ी के मार्गों पर आगे बढ़ रहे हैं और पूरे संसार में इस्लाम का परचम बुलंद करते चले जा रहे हैं।"

अतः जमाअत के सदस्यों से दर्दमंद अपील है कि क़ौमी एकता का प्रमाण देते हुए सैयदना हज़रत अक़्दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम का यह मुबारक तोहफ़ा, जो अख़बार बदर के रूप में हर सप्ताह आपको मिलता है, उसके अधिक से अधिक ख़रीदार बनाने का प्रयास करें। कोई भी अहमदी घर ऐसा नहीं होना चाहिए जो अख़बार बदर का ख़रीदार न हो। हर भाषा में इसके ख़रीदार बढ़ाने की आवश्यकता है। जिन साथियों को ख़ुदा तआला ने सामर्थ्य दी है, वे इसकी आर्थिक सहायता की ओर भी क़दम बढ़ाएँ, ताकि हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु और हज़रत अमीरुल मोमिनीन की इच्छाओं के अनुसार इस अख़बार का दायरा देश के कोने-कोने में फैल जाए और जमाअत अहमदिया हिंदुस्तान का यह एकमात्र आधिकारिक पत्र जो हमारे क़ौमी सम्मान और जमाअती प्रतिष्ठा का प्रतीक है अपने पैरों पर खड़ा होकर हर ओर अपनी छाया फैलाए और इसके आत्मिक फल से पूरा हिंदुस्तान लाभ उठाता रहे। वबिल्लाहुतौफ़ीक़

★ ★ ★

पृष्ठ 2 का शेष

ध्यान रखता है कि जो क़रीबी का दर्जा उसे मिला है, वह किसी लापरवाही की वजह से न खो जाए।

इसी निशानी का दूसरा हिस्सा यह बताया गया है कि

وَيَخَافُوْنَ سُوْٓءَ الْحِسَابِ

अर्थात एक ओर तो उसे ख़ुदा तआला के क़रीब होने के दर्जे की हिफ़ाज़त की चिंता लगी रहती है, तो दूसरी ओर वह इस बात से भी डरता रहता है कि बंदों पर दया और भलाई का जो दर्जा उसे मिला था, उसमें किसी तरह की कमी की वजह से वह ख़ुदा तआला की नाराज़गी का पात्र न बन जाए।

पहली दो निशानियों में, क्योंकि ख़ुदा तआला से संबंध को मूल और उसकी मख़लूक़ पर दया को उसका परिणाम बताया गया था, इसलिए तीसरे प्रमाण में भी उसी के अनुसार ख़ुदा तआला से संबंध में कमी के लिए 'ख़शियत' शब्द और मख़लूक़ से संबंध में कमी के लिए 'ख़ौफ़' शब्द इस्तेमाल किया गया है। क्योंकि पहला शब्द इस बात की ओर संकेत करता है कि जिससे डर किया जा रहा है, वह अपने आप में लक्ष्य है। जबकि 'ख़ौफ़' शब्द ज़रूरी नहीं कि अपने आप में लक्ष्य के लिए ही बोला जाए, बल्कि कई बार यह शब्द ऐसी चीज़ के लिए भी बोला जाता है, जिससे दूर रहना मक़सूद हो। हालाँकि कभी-कभी यह शब्द अपने आप में लक्ष्य चीज़ की नाराज़गी के लिए भी इस्तेमाल हो जाता है।

(तफ़सीर कबीर, जिल्द 5, पृष्ठ 54, तफ़सीर सूरह अर-रअद, आयत 22 के अंतर्गत)

★ ★ ★

# ख़ुत्बः जुमअः

“मैं निश्चित रूप से समझता हूँ कि कंजूसी और ईमान एक ही दिल में एक साथ इकट्ठे नहीं हो सकते। जो व्यक्ति सच्चे दिल से ख़ुदा तआला पर ईमान लाता है, वह अपने धन को केवल वही नहीं समझता जो उसके संदूक में बंद है, बल्कि वह ख़ुदा तआला के सभी ख़ज़ानों को अपना ख़ज़ाना समझता है, और कंजूसी उससे इस तरह दूर हो जाती है जैसे रोशनी से अंधेरा दूर हो जाता है।”

(हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम)

अल्लाह तआला फरमाता है कि असली क़ुर्बानी तो यह है कि जिस चीज़ से तुम्हें प्रेम है, उसे उसकी राह में खर्च करो। तभी तुम अल्लाह तआला की रज़ा पाने वाले बन सकोगे और उसके फ़ज़लों के वारिस बन सकोगे।

अल्लाह तआला का फ़ज़्ल है कि जमाअत-ए-अहमदिया आलमगीर की अधिकतर संख्या आर्थिक क़ुर्बानियों में बहुत खुशी से हिस्सा लेती है, लेकिन कुछ ऐसे भी हैं जिनमें संकोच होता है।

तो उन्हें अल्लाह तआला की यह बात याद रखनी चाहिए कि अल्लाह की राह में धन खर्च करना आवश्यक है।

क़ौम की हमदर्दी का भी यही तकाज़ा है और मानवता की हमदर्दी का भी यही तकाज़ा है कि हम अल्लाह तआला की राह में खर्च करें, जिसमें से लोगों की मदद के लिए भी खर्च हो और इस्लाम के प्रचार के लिए भी खर्च हो।

मैंने देखा है कि अक्सर गरीबों में से या मध्यम वर्ग के कमाने वाले लोग बहुत बड़ी-बड़ी क़ुर्बानियाँ करते हैं,

क्योंकि उन्हें यह समझ होती है कि अल्लाह तआला यह धन हमें लौटाएगा या हम अल्लाह तआला के फ़ज़्लों के वारिस बनेंगे।

हमने अनुभव भी किया है कि किस तरह अल्लाह तआला लोगों को लगातार नवाज़ता चला जाता है, क्योंकि वे समझते हैं कि सारे ख़ज़ाने अल्लाह तआला के पास ही हैं।

अल्लाह तआला के फ़ज़्ल से वक़्फ़-ए-जदीद के अड़सठवें (68) वर्ष के दौरान दुनिया भर की जमाअतों को लगभग पंद्रह मिलियन पाउंड की आर्थिक क़ुर्बानी पेश करने की तौफ़ीक़ मिली।

पिछले वर्ष की तुलना में यह एक दशमलव तीन मिलियन पाउंड अधिक है।

अल्लाह तआला उन सभी क़ुर्बानी करने वालों के धन और जीवन में असीम बरकत प्रदान करे।

वक़्फ़-ए-जदीद के अड़सठवें (68) वर्ष के दौरान जमाअत के सदस्यों की ओर से प्रस्तुत की गई आर्थिक क़ुर्बानियों का उल्लेख और उनहत्तरवें (69) वर्ष के आरंभ की घोषणा।

विभिन्न देशों से संबंधित निष्कपट अहमदियों की आर्थिक क़ुर्बानियों के ईमान बढ़ाने वाले घटनाओं का प्रेरणादायक वर्णन।

**ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मौ’मेनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 09 जनवरी 2025 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)**

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔
أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَا الضَّآلِّيْنَ

لَنْ تَنَالُوا الْبِرَّ حَتّٰى تُنْفِقُوْا مِمَّا تُحِبُّوْنَ ۵ وَمَا تُنْفِقُوْا مِنْ شَيْءٍ فَإِنَّ اللّٰهَ بِهٖ عَلِيْمٌ ۔ (آل عمران:93)

इस आयत का अनुवाद है कि तुम हरगिज़ नेकी को प्राप्त नहीं कर सकोगे, जब तक कि तुम उन चीज़ों में से खर्च न करो जिनसे तुम प्रेम करते हो। और जो कुछ भी तुम खर्च करते हो, निस्संदेह अल्लाह उसे भली-भाँति जानता है।

इसकी व्याख्या में हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह अव्वल रज़ियल्लाहु अन्हो ने लिखा है कि

“क़ुरआन-ए-करीम में सूरह बक़रा में जहाँ पहला रुकू शुरू होता है, वहाँ मुत्तक़ी के बारे में कहा गया है وَ مِمَّا رَزَقْنٰهُمْ يُنْفِقُوْنَ। अर्थात जो कुछ अल्लाह ने दिया है, उसमें से खर्च करते हैं। यह तो पहले रुकू का उल्लेख है। फिर इसी सूरह में कई स्थानों पर अल्लाह की राह में खर्च करने की बड़ी-बड़ी ताकीदें आई हैं... अतः तुम वास्तविक नेकी को नहीं पा सकते, जब तक कि तुम धन से खर्च न करो।”

फरमाते हैं कि “مِمَّا تُحِبُّوْنَ के अर्थ मेरे निकट धन हैं, क्योंकि अल्लाह तआला फरमाता है وَ اِنَّهٗ لِحُبِّ الْخَيْرِ لَشَدِيْدٌ (अल-आदियात: 9)। मनुष्य को धन बहुत प्रिय होता है। इसलिए सच्ची नेकी पाने के लिए आवश्यक है कि अपनी प्रिय वस्तु अर्थात धन में से खर्च करते रहो।”

(हक़ाक़िक़ुल-फ़ुरक़ान, जिल्द 1, पृष्ठ 500)

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने भी विभिन्न स्थानों पर इसकी व्याख्या की है। एक स्थान पर आप अलैहिस्सलाम फरमाते हैं

“धन के साथ अत्यधिक प्रेम नहीं होना चाहिए। अल्लाह तआला फरमाता है لَنْ تَنَالُوا الْبِرَّ حَتّٰى تُنْفِقُوْا مِمَّا تُحِبُّوْنَ। तुम हरगिज़ नेकी को नहीं पा सकते, जब तक कि तुम उन चीज़ों में से अल्लाह की राह में खर्च न करो जिनसे तुम प्रेम करते हो।”

फिर फरमाते हैं

“बेकार और निकम्मी चीज़ों को खर्च करके कोई व्यक्ति नेकी करने का दावा नहीं कर सकता। नेकी का दरवाज़ा तंग है। इसलिए यह बात अच्छी तरह समझ लो कि निकम्मी चीज़ों को खर्च करने से कोई उसमें प्रवेश नहीं कर सकता। क्योंकि स्पष्ट आदेश है لَنْ تَنَالُوا الْبِرَّ حَتّٰى تُنْفِقُوْا مِمَّا تُحِبُّوْنَ। जब तक अत्यंत प्रिय और सबसे प्यारी चीज़ों को खर्च नहीं करोगे, तब तक प्रिय और सम्मानित होने का दर्जा नहीं मिल सकता। यदि तुम कष्ट उठाना नहीं चाहते और सच्ची नेकी को अपनाना नहीं चाहते, तो कैसे सफल और कामयाब हो सकते हो?”

(तफ़सीर हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम, जिल्द 2, पृष्ठ 130-131)

अतः वे लोग जो कभी-कभी अच्छा कमाते हैं, लेकिन अपनी आर्थिक क़ुर्बानियों में उस स्तर पर नहीं होते, जितना एक साधारण कमाने वाला या मध्यम स्तर का कमाने वाला अहमदी होता है ऐसे लोगों को सोचना चाहिए कि अल्लाह तआला फरमाता है कि असली क़ुर्बानी यही है कि जिस चीज़ से तुम्हें प्रेम है, उसे उसकी राह में खर्च करो। तभी तुम अल्लाह तआला की रज़ा पाने वाले बन सकोगे और उसके फ़ज़्लों के वारिस बन सकोगे।

अल्लाह तआला ने केवल एक-दो स्थानों पर नहीं, बल्कि क़ुरआन-ए-करीम में अनेक स्थानों पर अल्लाह की राह में खर्च करने का आदेश दिया है।

उदाहरण के लिए एक स्थान पर अल्लाह तआला फरमाता है

وَ اَنْفِقُوْا فِيْ سَبِيْلِ اللّٰهِ وَ لَا تُلْقُوْا بِاَيْدِيْكُمْ اِلَى التَّهْلُكَةِ وَ اَحْسِنُوْا اِنَّ اللّٰهَ يُحِبُّ الْمُحْسِنِيْنَ۔ (अल-बक़रा: 196)

अर्थात अल्लाह के रास्ते में अपना धन और जीवन खर्च करो और अपने ही

हाथों अपने आपको विनाश में न डालो, और भलाई से काम लो। निस्संदेह अल्लाह भलाई करने वालों से प्रेम करता है।

अतः अल्लाह तआला की राह में ख़र्च न करना कभी-कभी विनाश का कारण बन जाता है।

एक ओर यह दावा कि हम इस युग में समय के इमाम को मानने वाले हैं, आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की भविष्यवाणी को पूरा करने वाले हैं और आपकी भविष्यवाणी के अनुसार हम मसीह मौऊद की जमाअत में शामिल हुए हैं और दूसरी ओर कभी-कभी आर्थिक क़ुर्बानियों में संकोच पैदा होना यह ठीक नहीं है।

सामान्य रूप से जमाअत में इस ओर बहुत ध्यान है, लेकिन कुछ ऐसे भी हैं जिन्हें अल्लाह तआला ने बहुत अधिक संपन्नता दी है और उनमें यह विचार पैदा हो जाता है।

अल्लाह तआला का फ़ज़्ल है कि जमाअत की अधिकतर संख्या आर्थिक क़ुर्बानियों में बहुत ख़ुशी से भाग लेती है, लेकिन जैसा कि मैंने कहा, कुछ ऐसे भी हैं जिनमें संकोच होता है। इसलिए उन्हें अल्लाह तआला की यह बात याद रखनी चाहिए कि अल्लाह की राह में धन ख़र्च करना आवश्यक है।

अधिक कमाने वालों में निस्संदेह कुछ ऐसे भी हैं जो विभिन्न तहरीकों में भाग लेते हैं और बहुत बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं, लेकिन यहाँ प्रसंगवश मैं यह भी बता दूँ कि जो चंदा उनकी आय के हिस्से आदि के अनुसार देना चाहिए, वह सही दर से अदा नहीं करते और उसमें नियमित भी नहीं हैं। ऐसे लोगों को अपना आत्म-निरीक्षण करना चाहिए।

फिर अल्लाह तआला क़ुरआन शरीफ़ में एक और स्थान पर फरमाता है

اٰمِنُوۡا بِاللّٰہِ وَ رَسُوۡلِہٖ وَ اَنۡفِقُوۡا مِمَّا جَعَلَکُمۡ مُّسۡتَخۡلَفِیۡنَ فِیۡہِ فَالَّذِیۡنَ اٰمَنُوۡا مِنۡکُمۡ وَ اَنۡفَقُوۡا لَہُمۡ اَجۡرٌ کَبِیۡرٌ۔

(अल-हदीद: 8)

अर्थात ऐ लोगो! अल्लाह और उसके रसूल पर ईमान लाओ और जिन संपत्तियों का तुम्हें (पहली क़ौमों के बाद) मालिक बनाया गया है, उनमें से ख़र्च करो। और तुम में से जो ईमान लाते हैं और अल्लाह की राह में ख़र्च करते रहते हैं, उनके लिए बहुत बड़ा प्रतिफल है।

अतः अल्लाह तआला ने अपनी राह में ख़र्च करने वालों से बड़े प्रतिफल का वादा किया है।

इसी प्रकार अल्लाह तआला फरमाता है

وَ مَا لَکُمۡ اَلَّا تُنۡفِقُوۡا فِیۡ سَبِیۡلِ اللّٰہِ وَ لِلّٰہِ مِیۡرَاثُ السَّمٰوٰتِ وَ الۡاَرۡضِ۔

(अल-हदीद: 11)

और तुम्हें क्या हो गया है कि तुम अल्लाह के रास्ते में ख़र्च नहीं करते, जबकि आकाश और पृथ्वी की विरासत तो अल्लाह ही की है?

अर्थात इस भौतिक संसार में जो कुछ मनुष्य के हाथ में है, अंततः मनुष्य उसे छोड़कर मर जाएगा और वह सब ख़ुदा के अधिकार में आ जाएगा। मनुष्य के हाथ में तो कुछ भी नहीं रहता। विरासत भी बँट जाती है। यदि वारिस सही न हों तो वे उसे नष्ट कर देते हैं। उसके हाथ में न इस संसार में कुछ रहता है और न अगले संसार में। इसलिए पहले ही अल्लाह तआला से डरते हुए उसकी राह में ख़र्च किया जाए, तो अल्लाह तआला उसमें बरकत देता है और आने वाली पीढ़ियों की भी रक्षा करता है।

फिर इसी प्रकार अल्लाह तआला एक और स्थान पर क़ुरआन-ए-करीम में फरमाता है :

فَاتَّقُوا اللّٰہَ مَا اسۡتَطَعۡتُمۡ وَ اسۡمَعُوۡا وَ اَطِیۡعُوۡا وَ اَنۡفِقُوۡا خَیۡرًا لِّاَنۡفُسِکُمۡ وَ مَنۡ یُّوۡقَ شُحَّ نَفۡسِہٖ فَاُولٰٓئِکَ ہُمُ الۡمُفۡلِحُوۡنَ۔ (التغابن:17)

अतः जितना संभव हो, अल्लाह का तक़वा अपनाओ, उसकी बात सुनो, उसकी आज्ञा का पालन करो और अपने धन को उसकी राह में ख़र्च करते रहो। यह तुम्हारी जानों के लिए बेहतर होगा। और जो लोग अपने दिल की कंजूसी से बचा लिए जाते हैं, वही सफल होते हैं।

अतः अल्लाह तआला ने फरमाया कि यह कंजूसी और बख़ीलपन ठीक नहीं है। यदि अल्लाह तआला के फ़ज़्लों का वारिस बनना है, तो उसकी राह में ख़र्च करना पड़ेगा। और इसी प्रकार क़ुरआन-ए-करीम में असंख्य और भी आयतें हैं, जो हमें इस बात की प्रेरणा देती हैं कि हमें अपने धन में से अल्लाह तआला की राह में ख़र्च करना चाहिए। और इस युग में, जैसा कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने भी अनेक बार फरमाया है कि धर्म के प्रचार के लिए, धर्म के कार्यों को फैलाने के लिए, इस्लाम के प्रचार के लिए धन की आवश्यकता है। इसलिए उसमें से तुम्हें ख़र्च करना चाहिए।

फिर यह भी याद रखना चाहिए कि जो लोग धर्म के लिए धन ख़र्च करते हैं जैसा कि मैंने आयत पढ़कर भी बताया उसका लाभ केवल उन्हीं को नहीं होता, बल्कि पूरी क़ौम को लाभ होता है। इसलिए क़ौम की हमदर्दी का भी यही तकाज़ा है और मानवता की हमदर्दी का भी यही तकाज़ा है कि हम अल्लाह तआला की राह में ख़र्च करें जिसमें से लोगों की मदद के लिए भी ख़र्च हो और इस्लाम के प्रचार के लिए भी ख़र्च हो।

अहादीस में भी इस बारे में आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने अनेक स्थानों पर हमें यह नसीहत फरमाई है कि आर्थिक क़ुर्बानी करनी चाहिए।

हज़रत हसन रज़ियल्लाहु अन्हो से रिवायत है यह हदीस क़ुदसी है कि आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने अल्लाह तआला के हवाले से फरमाया:

ऐ आदम के बेटे! तू अपना ख़ज़ाना मेरे पास जमा करके निश्चिंत हो जा। न आग लगने का डर, न पानी में डूबने का ख़तरा और न किसी चोर की चोरी का भय। मेरे पास रखा गया ख़ज़ाना मैं पूरा तुझे उस दिन दूँगा, जब तू उसका सबसे अधिक ज़रूरतमंद होगा।

(अल-जामे लि-शुअब अल-ईमान, जिल्द 5, पृष्ठ 45, अल-इस्ना वल-इशरून मिन शुअब अल-ईमान, बाब अत-तहरीज़ अला सदक़ा अत-ततव्वु, हदीस 3071, मक्तबा अर-रुश्द)

अतः यह अल्लाह तआला का वादा है कि यदि तुम अल्लाह की राह में ख़र्च करोगे, तो अल्लाह तआला पूरा का पूरा धन लौटा देगा। क़ुरआन-ए-करीम में भी अल्लाह तआला फरमाता है:

وَ مَا تُنۡفِقُوۡا مِنۡ خَیۡرٍ یُّوَفَّ اِلَیۡکُمۡ وَ اَنۡتُمۡ لَا تُظۡلَمُوۡنَ۔

(अल-बक़रा: 273)

अर्थात जो भी अच्छा धन तुम उसकी राह में ख़र्च करोगे, वह तुम्हें पूरा-का-पूरा लौटा दिया जाएगा। बल्कि दूसरी जगह यह भी फरमाया कि उसे कई गुना बढ़ाकर लौटाया जाएगा। यही हैं अल्लाह तआला के देने के तरीक़े, उन लोगों के लिए जो उसकी राह में ख़र्च करते हैं। हम सौभाग्यशाली हैं कि आज जैसा कि मैंने पहले भी कहा अहमदियों की अधिकतर संख्या को इस बात का पूरा एहसास है। वे अल्लाह की राह में बहुत अधिक ख़र्च करते हैं।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के समय में भी इस ख़र्च की ऐसी ही मिसालें मिलती हैं। बल्कि उन्हें देखकर एक बार आपने फरमाया था कि मैं हैरान होता हूँ कि ये लोग जो गरीब भी होते हैं धर्म की ख़ातिर इतनी क़ुर्बानियाँ कैसे कर रहे हैं।

(मलफ़ूज़ात, जिल्द 10, पृष्ठ 263 से उद्धृत)

आज भी यही स्थिति है और सामान्यतः अहमदियों की बड़ी संख्या इस बात को समझती है कि अल्लाह तआला की राह में ख़र्च करना है। उन्हें इसका गहरा एहसास है।

मैंने देखा है कि अक्सर गरीबों में से या मध्यम वर्ग के कमाने वाले लोग बहुत बड़ी-बड़ी क़ुर्बानियाँ करते हैं, क्योंकि उन्हें यह समझ होती है कि अल्लाह तआला यह धन हमें लौटाएगा या हम अल्लाह तआला के फ़ज़्लों के वारिस बनेंगे। कैसे? यह अल्लाह तआला ही बेहतर जानता है इस संसार में भी और अगले संसार में भी।

वास्तविक बात यही है कि अगले संसार में अल्लाह तआला इसे लौटाएगा, इसे उनके पुण्य में शामिल करेगा और ये क़ुर्बानियाँ उनके लिए दर्जों की ऊँचाई का कारण बनेंगी।

फिर एक हदीस में आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फरमाया कि जिसने एक खजूर भी पाक कमाई में से अल्लाह की राह में दी और अल्लाह तआला केवल पाक चीज़ ही स्वीकार करता है तो अल्लाह तआला उस खजूर को अपने दाहिने हाथ से स्वीकार करेगा और उसे बढ़ाता चला जाएगा, यहाँ तक कि वह पहाड़ के समान बड़ी हो जाएगी। आपने उदाहरण दी कि जैसे तुम में से कोई अपने छोटे से बछड़े की परवरिश करता है, यहाँ तक कि वह बड़ा जानवर बन जाता है।

(सहीह अल-बुख़ारी, जिल्द 3, पृष्ठ 28-29, किताबुज़्ज़कात, बाब अस्सदक़ा मिन कस्बे तैय्यिब, रिवायत संख्या 1410, प्रकाशित नज़ारत इशाअत रब्वा)

अतः जिस प्रकार छोटा बछड़ा परवरिश पाकर बड़ा होता है, उसी प्रकार तुम्हारा धन भी बढ़ता जाएगा, यदि तुम उसे अल्लाह की राह में दोगे। लेकिन शर्त यह है कि धन पाक हो ऐसा न हो कि गलत तरीक़े से कमाया गया हो या उसे जमा करने में गलत तरीक़े अपनाए गए हों और फिर चंदे में दे दिया जाए। ऐसा नहीं। बल्कि जब धन पाक होगा, तभी अल्लाह तआला उसे स्वीकार करता है।

फिर एक हदीस में आता है आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फरमाया:

क़ियामत के दिन हिसाब-किताब समाप्त होने तक अल्लाह की राह में खर्च करने वाला व्यक्ति अपने उसी धन के साए में रहेगा, जो उसने अल्लाह की राह में खर्च किया था।

(मुसनद अहमद बिन हम्बल, जिल्द 5, पृष्ठ 895, मुसनद उक़्बा बिन आमिर, हदीस 17466, मक्तबा आलमुल कुतुब, बैरूत)

अतः क़ियामत के दिन भी आर्थिक क़ुर्बानियाँ बशर्ते कि वे नेक नीयत और पाक धन से की गई हों अल्लाह तआला के फ़ज़्ल को आकर्षित करने वाली होती हैं। जैसा कि मैंने पहले भी कहा, जमाअत के सदस्य इस बात को समझते हैं कि जैसे अल्लाह तआला ने फरमाया है तक़वा पर चलने वालों की आर्थिक क़ुर्बानियाँ स्वीकार की जाती हैं और फिर अल्लाह तआला उन्हें असीम अनुग्रह देता है। जमाअत के अधिकांश लोग इस पर अमल करने की कोशिश करते हैं।

अल्लाह तआला क़ुरआन-ए-करीम में एक स्थान पर फरमाता है:

وَمَنۡ یَّتَّقِ اللّٰہَ یَجۡعَلۡ لَّہٗ مَخۡرَجًا ۔ وَّیَرۡزُقۡہُ مِنۡ حَیۡثُ لَا یَحۡتَسِبُ ؕ وَمَنۡ یَّتَوَکَّلۡ عَلَی اللّٰہِ فَہُوَ حَسۡبُہٗ ؕ اِنَّ اللّٰہَ بَالِغُ اَمۡرِہٖ ؕ قَدۡ جَعَلَ اللّٰہُ لِکُلِّ شَیۡءٍ قَدۡرًا ۔(الطلاق :3-4)

कि जो व्यक्ति अल्लाह का तक़वा अपनाएगा, अल्लाह उसके लिए कोई न कोई रास्ता निकाल देगा। और उसे वहाँ से रोज़ी देगा, जहाँ से रोज़ी आने का उसे विचार भी नहीं होगा। और जो कोई अल्लाह पर भरोसा करता है, वह (अल्लाह) उसके लिए काफ़ी है। अल्लाह निश्चय ही अपने उद्देश्य को पूरा करके रहता है। और अल्लाह ने हर चीज़ का एक माप निश्चित कर रखा है और उसी माप के अनुसार देता है।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फरमाते हैं:

"हमेशा यह देखना चाहिए कि हमने तक़वा और पवित्रता में कहाँ तक प्रगति की है। इसका मापदंड क़ुरआन है। अल्लाह तआला ने मुत्तकी के चिन्हों में एक यह चिन्ह भी रखा है कि वह मुत्तकी को दुनिया की अप्रिय बातों से मुक्त करके उसके कामों का स्वयं ज़िम्मेदार हो जाता है। जैसे कि फरमाया:

وَ مَنۡ یَّتَّقِ اللّٰہَ یَجۡعَلۡ لَّہٗ مَخۡرَجًا ۔ وَّ یَرۡزُقۡہُ مِنۡ حَیۡثُ لَا یَحۡتَسِبُ

(अत-तलाक: 3-4)

जो व्यक्ति ख़ुदा तआला से डरता है, अल्लाह तआला हर एक मुसीबत में उसके लिए मुक्ति का रास्ता निकाल देता है।"

अल्लाह तआला की खातिर क़ुर्बानी करने वाले वही लोग हो सकते हैं, जो अल्लाह तआला से डरते हों और उसकी खातिर क़ुर्बानी करते हों। जब वे ऐसा करते हैं तो उन्हें यह चिंता नहीं रहती कि हमारी ज़रूरतें कैसे पूरी होंगी या हमारे खर्च कैसे पूरे होंगे। अल्लाह तआला उनके लिए रास्ते पैदा करता रहता है। आपने फरमाया कि अल्लाह उनके लिए मुक्ति का रास्ता निकाल देता है "और उसके लिए ऐसी रोज़ी के साधन पैदा कर देता है, जिनका उसे ज्ञान और अनुमान भी नहीं होता।"

(मलफ़ूज़ात, जिल्द 1, पृष्ठ 10–11, संस्करण 2022)

फिर एक स्थान पर आपने फरमाया कि अल्लाह तआला अपनी खातिर क़ुर्बानी करने वालों और तक़वा पर चलने वालों को विपत्तियों से सुरक्षित रखता है।

आप फरमाते हैं:

"जिनका अल्लाह तआला स्वयं संरक्षक हो जाता है, वे दुनिया के दुखों से मुक्ति पा जाते हैं कठिनाइयों और कष्टों से छुटकारा पा जाते हैं और सच्चे आराम और संतोष के जीवन में प्रवेश कर जाते हैं। उनके लिए अल्लाह तआला का वादा है:

وَ مَنۡ یَّتَّقِ اللّٰہَ یَجۡعَلۡ لَّہٗ مَخۡرَجًا ۔ وَّ یَرۡزُقۡہُ مِنۡ حَیۡثُ لَا یَحۡتَسِبُ

(अत-तलाक: 3–4)

जो व्यक्ति तक़वा अपनाता है, अल्लाह तआला अपने फ़ज़्ल से उसे हर विपत्ति और कष्ट से निकाल लेता है और उसके रोज़ी का स्वयं ज़िम्मेदार हो जाता है और ऐसे तरीके से देता है, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती।"

(मलफ़ूज़ात, जिल्द 6, पृष्ठ 217, संस्करण 2022)

फिर इसी प्रकार एक स्थान पर आपने यह भी फरमाया कि भरोसा करने वाले और ख़ुदा तआला की ओर झुकने वाले कभी नष्ट नहीं होते।

आप फरमाते हैं:

"वास्तविक रोज़ी देने वाला ख़ुदा तआला है। जो व्यक्ति उस पर भरोसा करता है, वह कभी रोज़ी से वंचित नहीं रह सकता। वह हर तरह से और हर स्थान से अपने पर भरोसा करने वाले व्यक्ति तक रोज़ी पहुँचाता है अर्थात अल्लाह तआला। ख़ुदा तआला फरमाता है कि जो मुझ पर भरोसा करे और मुझ पर निर्भर रहे, मैं उसके लिए आसमान से बरसाता हूँ और उसके पैरों के नीचे से निकालता हूँ। अतः हर व्यक्ति को ख़ुदा तआला पर भरोसा करना चाहिए।"

(मलफ़ूज़ात, जिल्द 9, पृष्ठ 240–241)

इसी प्रकार हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने अनेक स्थानों पर बहुत सी नसीहतें बयान की हैं और इस आयत की व्याख्या भी की है।

अल्लाह तआला का यह विशेष फ़ज़्ल है कि जमाअत के सदस्य इस बात को समझते हैं। वे जमाअत की खातिर क़ुर्बानियाँ भी देते हैं और अल्लाह तआला के फ़ज़्लों के दृश्य भी देखते हैं। दुनिया में हर वर्ष असंख्य उदाहरण हमारे सामने आते हैं। चूँकि इस समय मैं वक़्फ़-ए-जदीद के संदर्भ में बात कर रहा हूँ, इसलिए मैं उन लोगों की कुछ मिसालें प्रस्तुत कर देता हूँ जिन्होंने वक़्फ़-ए-जदीद के चंदे दिए और उन पर अल्लाह तआला ने फ़ज़्ल किए, या उन्हें अल्लाह तआला पर कितना विश्वास था कि यदि वे क़ुर्बानी करेंगे तो अल्लाह तआला उनकी ज़रूरतें पूरी करेगा। और जैसा कि मैंने पहले भी कहा है कि मध्यम स्तर या कम आय वाले लोगों में क़ुर्बानी की भावना बहुत अधिक होती है और सामान्यतः उन्हीं की मिसालें हमारे सामने आती हैं।

इंडोनेशिया की जमाअत पंगिर में वहाँ की एक महिला ताहिरा साहिबा हैं। वे कहती हैं मैं पार्ट-टाइम अध्यापिका थी, वेतन बहुत कम था। वक़्फ़-ए-जदीद के वित्तीय वर्ष के अंत में मुझे राष्ट्रीय सचिव साहिब का संदेश मिला कि मेरा एक लाख तीस हज़ार रुपया का वादा अभी बाकी है। मेरे पास केवल उतनी ही राशि थी, जो मैंने छोटा सा व्यवसाय शुरू करने के लिए रखी हुई थी। मेरे पास उसी के बराबर धन था, पर अपने लिए रखा हुआ था। वे कहती हैं कि मेरे दिल में थोड़ी दुविधा हुई, लेकिन फिर मैंने अल्लाह पर भरोसा किया और वह सारा धन वक़्फ़-ए-जदीद में दे दिया। फिर अल्लाह तआला ने ऐसा किया कि अप्रत्याशित रूप से मुझे स्कूल की ओर से बोनस मिल गया, जिसकी मुझे बहुत आवश्यकता थी। साथ ही यह शुभ समाचार भी मिला कि मेरा नाम सरकार की ओर से सब्सिडी पाने वालों में शामिल कर लिया गया है। वे कहती हैं मैं अभी अल्लाह तआला का ठीक तरह धन्यवाद भी नहीं कर पाई थी कि उसी दौरान मेरा टीचर रजिस्ट्रेशन नंबर भी जारी हो गया, जिसका मैं वर्षों से इंतज़ार कर रही थी। वे कहती हैं मुझे विश्वास है कि अल्लाह तआला का यह फ़ज़्ल मेरे इस चंदे की अदायगी की वजह से हुआ।

फिर केन्या जो पूर्वी अफ्रीका का एक देश है। इंडोनेशिया और केन्या के बीच हज़ारों मील का फ़ासला है, लेकिन हर जगह लोगों की सोच कैसी है और अल्लाह तआला के फ़ज़्ल कैसे हैं अल्लाह तआला किस तरह उन्हें भी नवाज़ता है।

केन्या के अमीर साहिब ने एक घटना लिखी कि एक मुअल्लिम ने उन्हें एक महिला का हाल बताया, जो बहुत नियमित रूप से चंदे अदा करती हैं। उनकी कोई विशेष आय नहीं है, फिर भी चंदों के मामले में बहुत दृढ़ हैं। ऐसी स्थिति में पता चलता है कि आवश्यकता कितनी होती है और धन से कितनी मोहब्बत होती है या होनी चाहिए, लेकिन उस समय अल्लाह की राह में धन निकालना वास्तव में दिल निकालने या कलेजा निकालने के बराबर होता है, जैसा कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने फरमाया है।

वे लिखते हैं कि इस वर्ष उनका वक़्फ़-ए-जदीद का वादा चार सौ शिलिंग था, जो उन्होंने अदा कर दिया। उन्होंने कहा मेरे पास केवल यही धन था, अब मैं बिल्कुल खाली हाथ हो गई हूँ। जो कुछ था, मैंने दे दिया। मगर अल्लाह तआला ने कैसा व्यवहार किया! अल्लाह तआला फरमाता है कि मैं ऐसी जगहों से रोज़ी देता हूँ, जहाँ से तुम सोच भी नहीं सकते। उन्हें अल्लाह तआला ने खाली हाथ नहीं छोड़ा। जब उन्होंने कहा कि मैं खाली हाथ हो गई हूँ, तो अल्लाह तआला ने कहा मैं तुम्हें खाली हाथ नहीं छोड़ूँगा। कुछ दिनों बाद उन्हें उनकी बेटी की ओर से चौदह सौ शिलिंग मिले, इस स्पष्टीकरण के साथ कि इस राशि में से आप चंदा अदा करके बाकी अपने खर्च पूरे कर लें। इसके बाद उनके दामाद ने फ़ोन किया। वहाँ यह रिवाज है कि विवाह के बाद बेटी का महर माता-पिता को मिलता है। उसने महर के रूप में दो गायें भेजीं, जिनकी कीमत नब्बे हज़ार शिलिंग थी। केवल यही नहीं हुआ। वे कहती हैं मैंने तो चार सौ शिलिंग दिए थे, लेकिन अल्लाह तआला ने असंख्य और असाधारण रूप से नवाज़ा, और ऐसी जगह से नवाज़ा जहाँ से मुझे कोई उम्मीद भी नहीं थी। फिर अप्रत्याशित रूप से रिश्तेदारों और अन्य बच्चों की ओर से भी उन्हें उपहार और जीवन की आवश्यकताओं के लिए धन मिलने लगा। इस पर उन्होंने अल्लाह तआला का शुक्र अदा किया और उनका पूरा विश्वास हो गया कि ये चंदे की बरकतें थीं।

चंदों की अदायगी से एक ओर अल्लाह तआला के फ़ज़्ल उतरते हैं और साथ ही अल्लाह तआला के फ़ज़्लों को देखकर लोगों के ईमान में भी वृद्धि होती है।

गिनी (कोनाक्री) अफ्रीका का एक और देश है। वहाँ के मुबल्लिग लिखते हैं कि

कुंडिया रीजन का एक गाँव है। वहाँ एक अहमदी महिला हैं। उन्होंने इस साल अपना वादा एक लाख पचास हज़ार गिनी फ्रैंक लिखवाया था। सुनने में तो यह लाखों लगता है, लेकिन वहाँ रकम की कीमत बहुत कम होती है, इसलिए यह बहुत मामूली राशि है।

बहरहाल, कहते हैं कि जब साल के अंत में हमारे लोकल मिशनरी उनके गाँव चंदे की वसूली के लिए गए तो वह सब्ज़ी बेचने बाज़ार गई हुई थीं। समय कम था, तो जो मुअल्लिम थे वे बाज़ार में ही उनके पास चले गए और उन्हें बताया कि तुम्हारा यह चंदा बाकी है, जिसमें से तुमने वादा लिखवाया था। महिला ने बहुत दुःख से कहा कि इस समय उसके पास अदा करने के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि आप लोग फिलहाल चले जाएँ और मैं इन शा अल्लाह अदा कर दूँगी।

अब देखें, यह एक महिला जो ईमान लाई है, इस्लाम और अहमदियत को स्वीकार किया है, तो ईमान में किस तरह तरक्क़ी हुई है। यह नहीं कि टाल दिया कि जाओ, इस समय नहीं दे सकती, बल्कि कहा कि मेरे पास कुछ नहीं है, मैं जल्दी इंतज़ाम करके आपको पहुँचा दूँगी। बहरहाल, हमारे मुबल्लिग वहाँ से चले गए। वहाँ से अगले गाँव गए और जब वापस आए तो फिर उस महिला के पास पहुँचे।

उसने एक लाख फ्रैंक पेश किए और कहने लगी कि आज मेरे पूरे दिन की कमाई यही रकम है, जो मैं अल्लाह तआला की राह में पेश करती हूँ। कहती हैं कि कई दिनों से हमारे घर में अच्छा खाना नहीं पका था। सामान्य सा साधारण खाना बच्चों को खिला देती थी। आज मेरा इरादा था कि जो कुछ कमाऊँगी उससे बच्चों को अच्छा खाना खिलाऊँगी। लेकिन जैसा कि आपने भी कहा है और मेरा भी अनुभव है कि अल्लाह तआला की राह में प्रिय धन में से दी गई क़ुर्बानी व्यर्थ नहीं जाती। अल्लाह तआला ऐसी जगहों से देता है कि इंसान कल्पना भी नहीं कर सकता। इसलिए मैंने सोचा कि मेरी क़ुर्बानी व्यर्थ नहीं होगी और आज मैं यह पूरी अदायगी कर रही हूँ।

लोकल मिशनरी कहते हैं कि वे वहीं खड़े थे कि उसी दौरान उस महिला को उसके बेटे का फोन आया कि मेरे पास कुछ चीज़ें हैं आपको देने के लिए, आप फलाँ जगह आकर ले जाएँ। जब वह अपने बेटे से मिलने गई तो बेटे ने उन्हें पाँच लाख फ्रैंक दिए और कहा कि यह घर के खर्च के लिए हैं। महिला खुशी-खुशी वापस आई और यह बात बताने लगीं कि तभी दोबारा फोन की घंटी बजी। दूसरे बेटे ने, जो दूसरे शहर में रहता था, कहा कि मैं यहीं पास में खड़ा हूँ और कहीं जा रहा हूँ, इसलिए आ नहीं सकता, आप मेरे पास आ जाएँ, मेरे पास आपके लिए एक उपहार है। जब वह उससे मिलने गईं तो उसने भी तीन लाख फ्रैंक अपनी माँ को दिए कि यह घर के खर्च के लिए हैं।

महिला ने लौटकर बताया और कहा कि यह केवल मुझ पर अल्लाह तआला का अनुग्रह ही नहीं हुआ, बल्कि मेरे ईमान में भी वृद्धि हुई है और मेरा विश्वास मज़बूत हुआ है कि अल्लाह तआला ने किस तरह जमाअत की ख़ातिर क़ुर्बानी करने की वजह से मुझे नवाज़ा है। मैं इससे समझती हूँ कि जमाअत निश्चित रूप से सत्य पर है। अल्लाह तआला ईमानों को भी मज़बूत करता है और अल्लाह तआला की राह में हम जो क़ुर्बानी कर रहे हैं, वह उसकी नज़र में अवश्य स्वीकार है। कहती हैं, मैंने तो एक लाख दिया था, अल्लाह तआला ने मुझे बढ़ाकर कई गुना दे दिया।

फिर कज़ाख़स्तान के शहर अक्ताउ के एक सच्चे दोस्त अली बेक साहब का वाक़या है। वे चंदा देने में बहुत नियमित हैं। हर महीने समय पर चंदा अदा करते हैं। कुछ समय से मजबूरी की वजह से चंदा नहीं दे पा रहे थे, यहाँ तक कि अनिवार्य चंदा और वक़्फ़-ए-जदीद का साल समाप्त होने पर उसका चंदा भी अदा नहीं कर सके। बहुत परेशान थे।

एक दिन जुमा की नमाज़ के बाद खुद ही कहने लगे कि कर्ज़ बहुत बढ़ गया है, जिसकी वजह से बैंक ने खाता ही बंद कर दिया था और इसी कारण मैं चंदा भी नहीं दे पा रहा था। दुआ कर रहा था कि अल्लाह तआला कृपा करे। कहते हैं कि एक दिन जिस कंपनी में काम करता हूँ, उसके अधिकारी ने हमें एक अच्छी रकम बोनस के रूप में दी, जिसका हम एक साल से इंतज़ार कर रहे थे, लेकिन उसके मिलने की कोई उम्मीद नहीं थी। बहरहाल रकम मिल गई और अल्लाह तआला के अनुग्रह से कर्ज़ भी उतर गया और चंदे का बकाया भी अदा कर दिया। अली बेक साहब कहते हैं कि मुझे पूरा विश्वास है कि यह अनुग्रह केवल इसलिए हुआ कि मैं अपना चंदा अदा कर सकूँ।

अल्लाह तआला के उधार न रखने और अप्रत्याशित रूप से देने का एक और वाक़या ऑस्ट्रेलिया के अमीर साहब ने लिखा है। अमीर साहब कहते हैं कि गोल्ड कोस्ट के एक दोस्त हैं, जिन्होंने अपना वक़्फ़-ए-जदीद का चंदा एक हज़ार डॉलर अदा कर दिया था। मैंने उन्हें ध्यान दिलाया और कहा कि इस तहरीक में और अधिक आर्थिक क़ुर्बानी पेश करें। सामान्यतः मध्यम स्तर के सम्पन्न लोग भी इतनी क़ुर्बानी नहीं करते, लेकिन कुछ ऐसे भी होते हैं जो करते हैं, जैसे उन्होंने की।

इस दोस्त ने एक हज़ार डॉलर का वादा किया था और अदा भी कर दिया था। जब उन्हें और क़ुर्बानी की ओर ध्यान दिलाया गया तो उन्होंने छह हज़ार डॉलर और पेश कर दिए। इस तरह कुल सात हज़ार डॉलर अदा कर दिए। अगले ही दिन उनकी कॉल आई और बताया कि मेरी पत्नी को इंश्योरेंस कंपनी की ओर से फोन आया है कि एक इंश्योरेंस क्लेम, जिसका हमें पहले पता भी नहीं था, मिल गया है और हमें बारह हज़ार डॉलर रिफंड के रूप में मिले हैं। वह दोस्त कहते हैं कि मैंने छह हज़ार की क़ुर्बानी की थी, अल्लाह तआला ने दो दिन में ही दोगुनी करके लौटा दी, और ऐसे माध्यम से लौटाई जहाँ से कोई उम्मीद नहीं थी।

फिर गिनी-बिसाऊ के मुबल्लिग अल्लाह की अप्रत्याशित सहायता का एक और दृश्य बताते हैं कि एक सच्चे अहमदी अबू सानिया साहब देश से बाहर थे। बहुत समय बीतने के बाद भी उन्हें कोई उचित नौकरी नहीं मिल रही थी, जिससे वे आर्थिक दबाव में थे। परदेस में इंसान हो, नौकरी न हो और आर्थिक दबाव हो तो उसकी क्या हालत होती है? ऐसे समय यदि उसके हाथ में कुछ धन आए तो वह सबसे प्रिय होता है और वह उसे अपने ऊपर खर्च करता है।

लेकिन इन सच्चे लोगों की हालत देखें। उसी दौरान जमाअत की ओर से चंदे की तहरीक की गई। इस तहरीक पर उत्तर देते हुए अबू सानिया ने अल्लाह तआला की राह में क़ुर्बानी पेश की और जो कुछ था दे दिया। हालाँकि उस समय उनके पास बड़ी रकम नहीं थी, लेकिन वही उनके लिए सबसे प्रिय थी और उन्होंने उसे अल्लाह के रास्ते में दे दिया।

अल्लाह तआला ने उनकी क़ुर्बानी बहुत जल्दी स्वीकार कर ली। चंदा अदा किए अभी एक सप्ताह ही हुआ था कि एक कंपनी की ओर से उन्हें फोन आया कि उन्हें बिना किसी इंटरव्यू के नौकरी पर रखा जा रहा है। उन्होंने आवेदन दिया हुआ था। उनसे कहा गया कि इंटरव्यू की आवश्यकता नहीं, सीधे काम पर आ जाएँ।

अबू सानिया साहब कहते हैं कि यह अल्लाह तआला की राह में की गई क़ुर्बानी की बरकत है और उसकी सहायता के वादे की व्यावहारिक पूर्ति है। अल्लाह तआला बहुत बढ़ाकर देता है और फिर अप्रत्याशित रूप से इस तरह देता है जिसकी उन्हें कल्पना भी नहीं थी।

रूस के मुबल्लिग इंचार्ज लिखते हैं कि इकराम जान साहब एक सच्चे और निष्ठावान दोस्त हैं। वे कहते हैं कि पिछले महीने उन्होंने अपना चंदा भेजा और बड़े भावुक अंदाज़ में बताया कि पिछले दो महीनों से चंदा अदा नहीं कर सका था और बहुत चिंतित था कि मैं ख़ुदा तआला की राह में क़ुर्बानी से वंचित रह रहा हूँ। अब देखिए, ये नए अहमदी हैं, दूर-दराज़ इलाकों में रहने वाले हैं, लेकिन कितनी चिंता है कि हमें आर्थिक क़ुर्बानियाँ करनी हैं, क्योंकि उन्हें विश्वास है कि इसी से हम पर अल्लाह तआला के अनुग्रह होंगे। कहते हैं कि मैं बहुत दुआ कर रहा था। लोग अपने व्यापारों के लिए दुआ करते हैं, लेकिन अगर इन्हें चिंता थी, धन की चिंता थी, तो इसलिए थी कि मैं चंदा अदा कर सकूँ। बहरहाल, कहते हैं कि मैंने बहुत दुआ की कि अल्लाह तआला मेरी सहायता करे ताकि मैं इस सौभाग्य से पीछे न रह जाऊँ और अल्लाह की राह में क़ुर्बानी करने से वंचित न रह जाऊँ। एक दिन दफ़्तर जाते समय रास्ते में फिर ख़ुदा के सामने बहुत दुआ की कि मेरी तनख़्वाह मुझे जल्दी मिल जाए ताकि मैं चंदा अदा कर सकूँ। वहाँ हालात भी ऐसे हैं कि तनख़्वाहें भी रुक जाती हैं। बहरहाल, कहते हैं दफ़्तर पहुँचा तो अप्रत्याशित रूप से उसी दिन मुझे तनख़्वाह मिल गई और मैंने तुरंत अपना चंदा अदा कर दिया और ख़ुदा तआला का शुक्र अदा किया कि मैं क़ुर्बानी से वंचित नहीं रहा।

भारत से वहाँ के इंस्पेक्टर वक़्फ़-ए-जदीद लिखते हैं कि एक जमाअत जकोर में एक साहब हैं। वे उनके पास गए। उनका सोलह हज़ार रुपये वक़्फ़-ए-जदीद का


CHANDIGARH DIAGNOSTIC LABORATORY

थाने वाला चौक, ठीकरीवाल रोड, नज़दीक केनरा बैंक, पंजाब एंड सिंध बैंक क़ादियान

सभी प्रकार के शारीरिक टैस्ट (खून, मल, बलगम इत्यादि) कंप्यूटराइज्ड तरीके से उपलब्ध हैं।

हमारे सहभागी :- SRL (SUPER RANBAXY LABORATORIES), THYROCARE MUMBAI.



चौधरी ख़िज़र बाजवा दरवेश क़ादियान, लुकमान अहमद बाजवा

और जानकारी के लिए संपर्क करें :- इमरान अहमद बाजवा, रिज़वान अहमद बाजवा

फ़ोन नंबर :-+91-9646561639,+91-8557901648

चंदा बाकी था। उन्हें अपनी एक बहुत ज़रूरी किस्त किसी काम के लिए अदा करनी थी, जिसके लिए उन्होंने यह रकम रखी हुई थी। हमारे पहुँचने पर उन्होंने कहा कि मुझे अपनी ईएमआई की जो किस्त देनी है, वह तो देखी जाएगी, उसे बाद में दे दूँगा। अब चूँकि मेरा चंदा बाकी है और आप लोग मेरे पास आ भी गए हैं, तो पहले मैं आपको चंदे का बकाया अदा करता हूँ। हमने उनसे कहा कि आप कठिन हालात में हैं, इस समय आधा दे दें, बाकी बाद में दे दें। उन्होंने जवाब दिया कि पहले अल्लाह तआला के लिए निकालना है, बाकी काम अल्लाह तआला बेहतर कर देगा, इन शा अल्लाह। अगर मैं तक़्वा से काम ले रहा हूँ और अल्लाह पर भरोसा कर रहा हूँ, तो अल्लाह तआला बेहतर साधन पैदा कर देगा। बाद में उन्होंने फोन पर सूचना दी कि एक रकम जो काफ़ी समय से रुकी हुई थी और उम्मीद नहीं थी कि इतनी जल्दी मिल जाएगी, वह अचानक मिल गई। इस तरह अल्लाह तआला ने चंदे की बरकत से सारे काम पूरे कर दिए। मेरे ईमान में भी वृद्धि हुई और मैंने देखा कि क़ुर्बानी करने वालों के साथ अल्लाह तआला कैसा व्यवहार करता है।

ग्वाडेलूप दक्षिण अमेरिका का एक देश है। वहाँ एक युवा नवबैअत जर्मी डेडन्स (Jermy Dedans) हैं। उनकी उम्र अट्ठाईस साल है। अभी विद्यार्थी हैं। पढ़ाई के साथ पार्ट-टाइम काम भी करते हैं। गरीब देश है। उन्हें वक़्फ़-ए-जदीद की महत्ता और बरकतों से अवगत कराया गया। सामान्यतः यही कहा जाता है कि जो नवबैअत हों, उन्हें चंदे की आदत डालने के लिए वक़्फ़-ए-जदीद और तहरीक-ए-जदीद में शामिल किया जाए, उसकी ओर ध्यान दिलाया जाए। जब उन्हें बताया गया तो वे कहने लगे कि मेरी इच्छा है कि मैं इसमें शामिल हो जाऊँ, लेकिन अभी मेरे पास बिल्कुल पैसे नहीं हैं और यह भी नहीं जानता कि महीना कैसे गुज़रेगा। ऐसी स्थिति में इच्छा रखना, जबकि हाथ में कुछ भी न हो और पता भी न हो कि महीना कैसे गुज़रेगा, बहुत कठिन काम है। और अगर आदमी के पास पैसा आ जाए तो पहले अपने ऊपर खर्च करता है, लेकिन ईमान लाने के बाद इन लोगों के अद्भुत व्यवहार हैं।

